प्रादेशिक समाचार
14.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को आज कृतज्ञ राष्ट्र उनकी जयंती पर विनीत श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत अन्य केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में अम्बेदकर जयंती को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य के विभिन्न जिलों में भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी जा रही है।

********************

भाजपा की ओर से बाबा साहब की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व मंत्री और पार्टी विधायक सीपी सिंह समेत कई नेताओं ने राजधानी रांची के अम्बेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

********************

प्रदेश कांग्रेस ने बाबा साहेब की जयंती पर रांची में मानव श्रृंखला बनाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस की ओर से राजधानी के अंबेडकर चौक से लेकर राजेन्द्र चौक तक मानव श्रृंखला बनाई गई। इसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी के0 राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पार्टी के मंत्री तथा विधायक शामिल हुए।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के तपोवन मंदिर परिसर में श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर का भूमि पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। बाद में पुरोहितों की उपस्थिति में राम मंदिर के नव निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर का निर्माण जल्द से जल्द हो, ताकि यहां के लोगों के आस्था को और अधिक मजबूती मिले।

********************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने धनबाद सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवा मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है।

********************

रांची में आज से झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय महाधिवेशन शुरू हुआ। महाधिवेशन की शुरूआत पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इसमें पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन समेत झामुमो कोटे के मंत्री, सांसद, विधायक तथा पार्टी कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। इस महाधिवेशन में कई राजनीतिक प्रस्तावों को पारित

किया जा सकता है। साथ ही विधायक कल्पना सोरेन को पार्टी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

********************

श्रम एवं नियोजन विभाग पलामू में राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में काम कर रहे श्रमिकों के लिए पंजीकरण अभियान चला रहा है। यह अभियान सत्रह अप्रैल तक चलेगा।

********************

राज्य में पिछले चार दिनों से जारी बारिश की वजह से गर्मी पर कुछ ब्रेक लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 20 अप्रैल तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में बारिश का भी पूर्वानुमान है, जबकि 18 अप्रैल तक ओलावृष्टि, वज्रपात और आंधी को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। फिलहाल राज्य के अधिकांश जिलों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य के लगभग आसपास चल रहा है।

********समाप्त*********